भारतीय राजदूतावास, बहरीन

<u>विश्व हिंदी दिवस - 2024</u>

10 जनवरी 2024; **[स्थान - इंडियन स्कूल, बहरीन]**

शुभ प्रभात।

यहाँ उपस्थित इंडियन स्कूल के प्रतिनिधिगण, अध्यापकगण और छात्र - छात्राओं को विश्व हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

इस अवसर पर आज यहां आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे बहुत ख़ुशी हो रही है

जैसे आप जानते हैं, 10 जनवरी 2006 को पहली बार विश्व हिन्दी दिवस मनाया था। तब से यह हर साल मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है।

इस अवसर पर मैं आपके सामने हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सम्बोधन पढता हू:-

" विदेश मंत्रालय और विदेश स्थित भारतीय मिशनो औ र केंद्रों द्वा रा विश्व हिं दी दिवस पर बिभीन्न कार्यक्रमों का आयोजन के बारे में जानक र प्रसन्न ता हुई इन कार्यक्रमों में भाग ले रहे सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अपनी सांस्कृतिक विविधता व बिभिन्न भाषाओँ की विरासत पर हर भरतवंशी को गर्व है. हमारी संस्कृति, ज्ञान और परम्परा को देश दुनिया में पहुँचाने में हिंदी की भूमिका अहम् है. अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान और भारतवंशीयों को एकता के सूत्र में पिरोने में हिंदी भाषा का योगदान उल्लेखनीय है

यह देखना सुखद है कि अपनी सरलता, सहजता व साहित्यिक विरासत के साँथ साँथ, हिंदी आज सुचना प्रौद्योगिकी और तकनीक की भाषा के रूप में भी युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रही है. विदेशों में भी हिंदी भाषा सीखने वाले लोगों के संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

पिछले वर्ष हुए विश्व हिंदी सम्मेलन में जिस उत्साह के सां थ हिंदी प्रेमि यों ने इस मधु र भाषा की प्रगति के लिए कार्य करने का संकल्प दिखाया वह एक उज्ज्वल भविष्य का मा र्ग दिखाता है. हमारी सम्रद्ध विरासत पर गर्व

के भाव को औ र सशक्त करने व् अंतर्राष्ट्रीय स्त र पर लोगों में एकता व् एकजुटता को बढ़ाने में हिंदी की अहम भूमिका होगी।

मुझे वि श्वास है कि यह विश्व हिंदी दिव स के अवसर प र हो ने वाले कार्यक्रम सभी भारतवंशियों को, विशेषकर युवाओं को हिंदी से जुड़ने औ र इसे अपने बिभिन्न कार्यों में अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

विश्व हिं दी दिवश पर मैं इसे समृद्ध और सशक्त बनाने में सत त योगदान दे रहे लोगों का, विशेषकर वि देश मंत्रालय, भारतीय मिशनों और केंद्रों के सभी साथियों का अभिनन्दन करता हूँ। "

भारतीय नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में बयान दिए हैं, जिसमें हमारे वर्तमान प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी शामिल है।

2018 में, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर हिंदी को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार के बीच दो साल की अवधि के लिए एक वित्तीय योगदान समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे इसे 2019 में 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया और यह मार्च 2025 तक लागू है। इस समझौते के अनुसार, यूएन ने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर हिंदी सोशल मीडिया अकाउंट के साथ-साथ यूएन न्यूज की एक हिंदी वेबसाइट भी लॉन्च की है।

इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र अपने कार्यक्रमों को संयुक्त राष्ट्र रेडियो वेबसाइट पर हिंदी में प्रसारित करता है, साउंड क्लाउड पर एक साप्ताहिक हिंदी समाचार बुलेटिन जारी करता है,

आप जानते होंगे क़ि हिंदी यूनेस्को की नौ कामकाजी भाषाओं में से एक है। हिंदी को एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने और दुनिया भर में इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पेरिस यूनेस्क सहित दुनिया भर में "विश्व हिंदी दिवस" मनाया गया।

2018 में मॉरीशस में विश्व हिंदी सचिवालय भवन का उद्घाटन किया गया

मैं सभी को बधाई देना चाहूँगा कि आपने हिंदी भाषा में तरह- तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया और मुझे छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम देख कर बहुत खुशी हई

मैं सभी विजेता छात्र, छात्राओं और सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देता हूँ । आप सबका योगदान हिंदी भाषा के लिए सराहनीय है।

धन्यवाद